? (व्यवधान)

**Re: Need to expedite construction of various irrigation projects in Chatra Parliamentary Constituency- laid.**

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** झारखंड राज्य की कृषि योग्य भूमि को राष्ट्रीय औसत तक लाने के लिए राज्य के जल संसाधनों के विकास की बहुत आवश्यकता है। राज्य में कई नदियों का प्रवाह होता है, फिर भी राज्य सिंचाई के लिए पानी की कमी से जूझता है, जिसका मुख्य कारण यहां के जल संसाधनों का समुचित विकास नहीं हो पाना है। मेरे चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कई सिंचाई योजनाएं लंबित हैं, जिनमें से

- **उत्तर कोयल जलाशय परियोजना** - इस योजना को अगस्त 2017 में 3 वित्त वर्षों में पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की थी। मंडल डैम में गेट लगाने के कार्य के लिए विशेष पैकेज का प्रस्ताव विचाराधीन था, उसे मंजूरी देकर अवरोध को दूर किया जाए। योजना की प्रकृति तथा शेष कार्यों को पूरा होने में लगने वाले समय के बारे में जानकारी प्रदान की जाए।

- रामघाट सिंचाई योजना तथा मलय जलाशय योजना को मार्च 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य था। इन योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए। इन योजनाओं से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाया जाए।

- अमानत बराज योजना, गोलाई सिंचाई योजना दुलकी सिंचाई योजना, चाको सिंचाई योजना, पीरी तथा सोनारे सिंचाई योजना तथा घाघरी सिंचाई योजना आदि महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट कई सालों से तैयार हो रही है। इन योजनाओं को पूरा करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए।

- इन परियोजनाओं के अलावा औरंगा जलाशय योजना, गरही, मुहाने एवं मलय अंजनवा मलय, टहले, कदवन, नकटीनाला, घागरी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सिंचाई परियोजनाएं लंबित एवं क्षतिग्रस्त हो गई है जिनकी मरम्मत नहीं होने से उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। किसानों को सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है। इस वर्ष चतरा लोकसभा में अभी तक सामान्य से कम बारिश हुई है। इसलिए सिंचाई सुविधाओं को दुरुस्त कर किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाए।